## सार-समाचार

### बाल संरक्षण की दिशा में सृष्टि सेवा समिति ने किये कई महत्वपूर्ण कार्य

**कोटा, ( निसं )।** सृष्टि सेवा समिति ने बाल सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सामुदायिक नेताओं के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए समिति ने लगभग 140 बच्चों को बाल विवाह व ट्रैफिकिंग से बचाया। समिति द्वारा कई बच्चों को बाल विवाह से बचाया गया तथा लगभग 200 से अधिक बच्चों के परिवारों की समझाईश कर उन्हें बाल विवाह की विधिक जानकारी देकर उसकी रोकथाम के प्रयास किये हैं। जबकि लगभग 110 से अधिक बच्चों को ट्रैफिकिंग यानी बाल दुर्व्यापार से मुक्त कराया गया। ट्रैफिकिंग से मुक्त कराए गए बच्चों में लड़कियों की संख्या लगभग 12 रही है और 98 लड़के थे। सृष्टि सेवा समिति के कार्यकारी अधिकारी रवि सिंह बघेल ने बताया कि सृष्टि सेवा समिति देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगङ्गनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगङ्गन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगङ्गन बाल अधिकारों की सुरक्षा व बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहे हैं। बचाव, सुरक्षा व अभियोजन की रणनीति पर अमल करते हुए इस नेटवर्क ने 1 जनवरी से अब तक देश भर में 1,98,628 बाल विवाह रोके हैं। इसके अलावा, इसी दौरान देश भर से कुल 55,146 बच्चों को ट्रैफिकिंग से मुक्त कराया गया जिनमें 40,830 लड़के व 14,316 लड़कियां थीं। इसके अलावा बच्चों की ट्रैफिकिंग के 42,217 मामले दर्ज कराए गए। इन समन्वित कार्रवाईयों के नतीजे व असर के बाबत् सृष्टि सेवा समिति के कार्यकारी अधिकारी रवि सिंह बघेल ने कहा, कि बाल सुरक्षा की दिशा में यह एक ऐतिहासिक साल रहा है। उन्होने कहा कि देशभर में फैले जेआरसी के सहयोगी संगङ्गनों के साथ मिलकर सृष्टि सेवा समिति 2030 तक भारत से बाल विवाह के खात्मे, बाल मजदूरी, बाल विवाह या बाल वेश्यावृत्ति के इरादे से दूसरे जिलों व राज्यों में ले जाए गए बच्चों की पहचान व उन्हें मुक्त कराने के लिए जमीन पर काम कर रहा हैं।

### सेवानिवृत्त 25 रेलकर्मियों को दी भावभीनी विदाई

**कोटा, ( निसं )।** कोटा मंडल में रेल सेवा से निवृत्त हुए 25 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी माध्यम से किया गया। साथ ही उन्हें स्वर्ण पदक, पेंशन भुगतान आदेश (आई-पास पोर्टल से), मानार्थ पास, परिचय पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृति पर मिलने वाली राशी को सावधानीपूर्वक निवेश करने एवं साईबर ङ्गगों से बचने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में वरिष्ङ्ग मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ङ्ग मंडल वित्त प्रबंधक भंवर सिंह, मंडल कार्मिक अधिकारी अविरल शर्मा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक केएस हाडा, सहायक कार्मिक अधिकारी विद्या भूषण भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आचार्य धर्म सागर जी की जयंती 3 को

**नैनवां ।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम गंभीरा में आचार्य धर्म सागर जी महाराज की 113वीं जन्म जयंती महोत्सव 3 जनवरी, पोष शुक्ल पूर्णिमा (शनिवार) को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री धर्मोदय तीर्थक्षेत्र आयोजन समिति के अनुसार दिनभर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः धार्मिक अनुष्ठानों से शुरुआत होगी, इसके बाद संत प्रवचन, भजन-कीर्तन, धर्मसभा एवं विशेष पूजन होंगे। कार्यक्रमों में आचार्य धर्म सागर जी महाराज के तप, त्याग और समाजसेवा पर प्रकाश डाला जाएगा। महोत्सव में साधु-संत, गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर गांव में तैयारियां जोरों पर हैं।

### कार्यकारिणी का स्वागत

**बूंदी।** भाजपा नेता संजय शर्मा के नेतृत्व में शहर के परशुराम सर्किल पर अभिभाषक परिषद के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत अभिनंदन किया गया शनिवार को सुबह 9:00 बजे परशुराम सर्किल पर अभिभाषक परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़,उपाध्यक्ष अनीश मोहम्मद, सचिव पंकज दाधीच, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, सह सचिव किशन लाल वर्मा, पुस्तकालय सचिव कृष्ण मुरारी दाधीच सहित पूरी कार्यकारिणी का माला पहनाकर व मुह मीठा कराकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर राजेश शर्मा,सुनील गौतम, राजू श्रीमाल,अंकित जैन,मुकेश जैन,मुस्ताक भाई सहित शहर के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### मेले में पधारने का निमंत्रण

**बूंदी ।** श्री मांधाता बालाजी मेला महोत्सव एवं विकास समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष और कोटा-बूंदी सांसद ओम कृष्ण बिड़ला से मुलाकात की। समिति ने लोकसभा अध्यक्ष को आगामी 4 जनवरी को टाइगर हिल स्थित श्री मांधाता बालाजी महाराज के मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए हार्दिक निमंत्रण दिया। समिति की ओर से निमंत्रण देने गए प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक मंडल के सदस्य एवं पूर्व सभापति महावीर मोदी, मेला संयोजक गौरव वर्मा, वानर सेना की ओर से संयोजक संदीप श्रृंगी, कार्यकारी अध्यक्ष गोल्डी वर्मा, लखन नामा, हनुमान वर्मा, विनोद सैनी,अजय सैनी,अभय चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य सदस्य शामिल रहे।

### नव उत्थान-नई पहचान प्रचार रथ रवाना

**बूंदी ।** प्रदेश की भाजपा सरकार के 2 वर्ष की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को तीन बत्ती चौराहे से नव उत्थान-नई पहचान प्रचार रथ को रवाना किया गया । मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि रथ के द्वारा देवपुरा , अंबेडकर सर्किल ,बाईपास पर राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया गया और आमजन को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा गया । इस अवसर पर शहर भाजपा अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा, खो खो संघ जिलाध्यक्ष विजयंत सिंह आमेरा , सुशासन पखवाड़ा जिला सहसंयोजक नीरज पुरोहित , जिला कार्यालय मंत्री मोहन कराड , पूर्व पार्षद संजय भूटानी , राजेश शेरगड़िया , मेक कराड ,हरिशंकर सैनी कैलाश जांगिड़ भी साथ रहे।

### निराश्रितों को भोजन कराया

**कोटा,( निसं )।** ब्राह्मण कल्याण परिषद के अरुण भार्गव, आकाश भार्गव, अनिल तिवारी ने बताया कि ब्राह्मण कल्याण परिषद के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर देहदान नेत्रदानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्थान की ओर से निराश्रित लोगों को भोजन कराया गया उसमें विशेष रूप से नमकीन और पेङ्गे का वितरण किया गया। 1 जनवरी 2026 स्थापना दिवस पर गोदावरी धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### निशुल्क कंबल वितरण अभियान

**कोटा,( निसं )।** पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान एवं हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल युवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में कोटा शहर की सड़कों पर रात्रि विश्राम करने को मजबूर निर्धन, गरीब, असहाय लोगों को ङ्खंड में बचाव के लिए निशुल्क कंबल वितरण का पुनीत कार्य हमारे संस्थान द्वारा किया गया। जिसमें संस्थान के निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान मुख्य संरक्षक महावीर कलवार, अध्यक्ष युवराज सुवालका, महामंत्री जगदीश मेवाड़ा, उपाध्यक्ष चेतराम मेवाड़ा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पारेता, संरक्षक मूलचंद मेवाड़ा, बद्रीलाल पारेता, मीडिया प्रभारी मनीष मेवाड़ा, कार्यालय मंत्री दीपक जायसवाल, हाड़ौती संभागीय कोटा शहर युवा अध्यक्ष जितेन्द्र सुवालका, कृष्णमुरारी पारेता, नितेश सुवालका, विजय टांक, अंशुल मेवाड़ा, गरुन सुवालका, कमल सुवालका, मेहुल सुवालका, सागर सुवालका आदि उपस्थित रहे हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान का प्रयास रहेगा की इस पूरी सर्दी इसी तरह की निशुल्क कंबल वितरण योजना निरंतर चालू रहे। इस धर्मार्थ कार्य में जो समाजबंधु सहयोग करना चाहते हैं उनका हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान बहुत-बहुत स्वागत और आभार प्रकट करता है।

# जन घोषणा पत्र के 75 वादे 2 साल में पूरे, 2027 तक किसानों को दिन में बिजली: ऊर्जा राज्यमंत्री

- **प्रदेश के इतिहास में यह पहली ऐसी सरकार है, जिसने न केवल बजट घोषणाएं कीं, बल्कि उनके जमीनी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए श्री नागर ने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग के कारण ही विकास कार्य धरातल पर उतर पाए हैं।**

**बूंदी।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार ने जन घोषणा पत्र के 75 फीसदी वादों को महज दो साल के भीतर ही पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली ऐसी सरकार है, जिसने न केवल बजट घोषणाएं कीं, बल्कि उनके जमीनी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए श्री नागर ने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग के कारण ही विकास कार्य धरातल पर उतर पाए हैं। वर्तमान में आमजन की प्यास बुझाने और खेतों तक पानी पहुँचाने के लिए 9 हजार करोड रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। ऊर्जा राज्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक राज्य के अन्नदाताओं को सिंचाई के लिए रात में नहीं, बल्कि दिन में बिजली मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य के विद्युत तंत्र को बड़े स्तर पर सुदृढ किया जा रहा है और सरकार अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए वचनबद्ध हैं।

ऊर्जा राज्यमंत्री ने गत दो साल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अर्जित प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 12,880 करोड़ से अधिक की लागत के कार्य पूर्ण हो चुके है और कई कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के महत्वपूर्ण कार्य किए, जिसमें 18.30 करोड़ की लागत से अलोद-मेण्डी सड़क तथा बून्दी-दलेलपुरा-अलोद-मेण्डी (11.56 करोड़) और गेण्डोली-झालीजी का बराना-कालीतलाई- बोरदामाल-कापरेन (16.24 करोड) सड़कों का कार्य पूर्ण होना शामिल है। जल संसाधन के क्षेत्र में, रामजल सेतु लिंक परियोजना के प्रथम चरण पर 9416.70 करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं, जबकि गेण्डोली, फौलाई और उतराना लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं पर भारी निवेश किया गया है। विद्युत क्षेत्र में, 132 केवी का 1 ठिाड सब-स्टेशन और 33/11 केवी के 7 सब-स्टेशन स्थापित किए गए हैं, साथ ही किसानों को बिजली के बिलों में 81364.00 लाख का अनुदान दिया गया है, जबकि पीएम सूर्य घर योजना के तहत 548 सोलर संयंत्र लगाए गए। नागर ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 53.82 करोड़ से तालेड़ा और 43.13 करोड़ से इन्द्रगढ़ पेयजल परियोजनाओं से हर घर जल सुनिश्चित किया, वहीं कृषि विभाग ने 7,825 किसानों को कृषि कनेक्शन, सिंचाई पाइपलाइन और तारबंदी पर महत्वपूर्ण अनुदान दिया, तथा सहकारिता विभाग ने 77,028 किसानों को 370.50 करोड़ का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध कराया। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जिले में 17,784 बच्चों को पालनहार योजना में लाभान्वित किया जा रहा है और 1,77,552 पेंशनर्स को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया गया, जबकि ठाामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने 50,857 लखपति दीदी को चिह्नित करने और प्रधानमंत्री आवास योजना (ठाामीण) के तहत 4,174 आवास पूर्ण करने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 65,411 मरीजों का निःशुल्क इलाज हुआ और 10 करोड की लागत से 30 बेडेड एकीकृत चिकित्सालय (आयुर्वेद) की स्वीकृति मिली, जबकि पर्यटन विभाग ने केशवराय मंदिर के सौन्दर्यीकरण व सुविधाओं के लिए 37.16 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त की, और जिले में विभिन्न विभागों में कुल 1011 नियमित और 238 संविदा नियुक्तियाँ भी प्रदान की गईं।

**'नो हेलमेट-नो एंट्री' पोस्टर का किया विमोचन:** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने सर्किट हाउस में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान का आगाज किया। उन्होंने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने 'नो हेलमेट-नो एंट्री' एवं 'नो सीट बेल्ट-नो एंट्री' पोस्टर का विमोचन किया और मौके पर हेलमेट भी वितरित किए। कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री ने आमजन को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रहित राष्ट्र निर्माण के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। इसके बाद शहर के मुख्य मार्गों से एक वाहन रैली निकाली गई, जिसमें परिवहन और पुलिस विभाग के कार्मिक शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने आमजन से अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आएं। सरकार की 'राहवीर योजना' का लाभ उठाएं, जिसमें मददगार को पुरस्कृत किया जाता है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि लोग चालान कार्यवाही से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान जिले की सड़कों पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) को दुरुस्त किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति सरोज अठावाल, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, केशवरायपाटन की पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, नैनवां प्रधान पदम नागर, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, पूर्व नगर परिषद सभापति महावीर मोदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, कार्यवाहक डीटीओ धर्मपाल गुर्जर, परिवहन निरीक्षक हंसराज मीणा और ट्रैफिक इंचार्ज बहादुर सिंह गौड सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहें।

बाल संरक्षण की दिशा में सृष्टि सेवा समिति ने किये कई महत्वपूर्ण कार्य

**कोटा, ( निसं )।** सृष्टि सेवा समिति ने बाल सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सामुदायिक नेताओं के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए समिति ने लगभग 140 बच्चों को बाल विवाह व ट्रैफिकिंग से बचाया। समिति द्वारा कई बच्चों को बाल विवाह से बचाया गया तथा लगभग 200 से अधिक बच्चों के परिवारों की समझाईश कर उन्हें बाल विवाह की विधिक जानकारी देकर उसकी रोकथाम के प्रयास किये हैं। जबकि लगभग 110 से अधिक बच्चों को ट्रैफिकिंग यानी बाल दुर्व्यापार से मुक्त कराया गया। ट्रैफिकिंग से मुक्त कराए गए बच्चों में लड़कियों की संख्या लगभग 12 रही है और 98 लड़के थे। सृष्टि सेवा समिति के कार्यकारी अधिकारी रवि सिंह बघेल ने बताया कि सृष्टि सेवा समिति देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगङ्गनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगङ्गन है। जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगङ्गन बाल अधिकारों की सुरक्षा व बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहे हैं। बचाव, सुरक्षा व अभियोजन की रणनीति पर अमल करते हुए इस नेटवर्क ने 1 जनवरी से अब तक देश भर में 1,98,628 बाल विवाह रोके हैं।

## ऊर्जा राज्यमंत्री की मौजूदगी में विकास रथ रवाना

- **जन-जन तक पहुंचेंगी राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं**
- **विकास रथ बताएँगे राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियां**

**बूंदी।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विगत दो वर्षों में आमजन को राहत देने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी अब सीधे जनता तक पहुंचेगी। शनिवार को ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने विकास रथों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर ऊर्जा राज्यमंत्री नागर ने कहा कि विकास रथों के माध्यम से राज्य सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि विकास रथों के माध्यम से आमजन को राहत देने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। नागर ने कहा कि राज्य सरकार की नीयत और नीति, दोनों से जनता सीधे तौर पर वाकिफ होगी। विगत दो वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में जो बड़ी उपलब्धियां अर्जित की हैं, वे इन रथों के जरिए हर गांव और हर ढाणी तक पहुंचाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि विकास रथ जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों की सभी पंचायतों में पहुचेंगे और रथों में लगी एलईडी स्क्रीन और प्रचार सामठी के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करेंगे। रथ में एक सुझाव पेटिका भी रखी गई हैं, जिसमें आमजन अपने सुझाव और फीडबैक साझा कर सकेंगे।

## देश के नवनिर्माण में इंजीनियर्स का अतुलनीय योगदान-विधायक संदीप शर्मा

**कोटा, ( निसं )।** इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस (आईबीसी) के कोटा लोकल चेप्टर द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से बूंदी रोड स्थित माहेश्वरी रिसोर्ट में एक्जीक्यूटिव काउंसिल मीटिंग एवं नेशनल टेक्निकल सेमीनार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन महत्वपूर्ण विषयों पर अलग-अलग तकनीकी सेमीनार आयोजित हुए, जिनमें देशभर से आए विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। आईबीसी कोटा चैप्टर के अध्यक्ष हेमन्त कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में पीडब्ल्यूडी राजस्थान के सचिव इंजीनियर डी.आर.मेघवाल, आईबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर सी.देबनाथ, संस्थापक अध्यक्ष ओ.पी.गोयल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर प्रदीप मित्तल, आईबीसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मयंक तिलक, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर के.सी. मीणा तथा आईबीसी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश कुमार बैरवा मंचासीन रहे। अन्त में कोटा चेप्टर के सचिव इंजीनियर मनीष जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नीता डांगी ने किया। मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि देश के विकास और नवनिर्माण में सिविल इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन के विकास में भी सिविल इंजीनियरिंग की अहम भागीदारी है।

उन्होंने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग को पर्यटन से जोड़कर आयोजित यह सेमीनार कोटा के पर्यटन विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विधायक संदीप शर्मा ने इंजीनियरों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि यदि विकास के लिए दस पेड़ काटने पड़ें, तो उनकी जगह पचास पेड़ लगाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकें। संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर ओपी गोयल ने कहा कि युवा अभियंताओं को भी आगे आकर आईबीसी से जुड़कर कार्यक्रमों में भाग लेकर अहम भूमिका अदा करनी चाहिऐं। आईबीसी कोटा चेप्टर के अध्यक्ष हेमन्त कुमार शर्मा ने कहा कि आईबीसी की स्थापना और उसके विजन और मिशन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

## पुआ-पकौड़ी के भोग के साथ गूंजे जयकारे

**बूंदी।** छोटी काशी बूंदी के ऐतिहासिक तिलक चौक स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर में पवित्र पौष माह के उपलक्ष्य में रविवार को पोष बड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सर्दी के बीच भगवान की भक्ति और गरमा-गरम पुआ, पकौड़ी व कत के प्रसाद ने माहौल को धर्ममय बना दिया।

## अरावली पर्वत माला को बचने के लिए जन हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

- **अरावली हमारी सभ्यता, संस्कृति, अस्मिता और पारिस्थितिक तंत्र का घोतक हैं : डॉ. निधि**

**कोटा, ( निसं )।** भारत की सबसे पुरानी लगभग 3 अरब साल पहले बनी अरावली पर्वतमाला श्रृंखला का अस्तित्व देश के सर्वोच्चय न्यायालय के एक निर्देश से संकट में आ गया है जिसमें अरावली की 100 मीटर से नीची ऊँचाई वाले पहाड़ों को पहाड़ नहीं मन जाएगा और फिर उस स्थान को खनन, कंस्ट्रक्शन आदि के लिए दिया जा सकेगा जबकि यदि अरावली की पूरी श्रृंखला को देखे तो उसमें 90 प्रतिशत पहाड़ 100 मीटर से नीचे हैं।

ऐसे में अरावली पर्वत माला के अस्तित्व की रक्षा के लिए कोटा राजस्थान में रविवार को सोसाइटी हैस ईव शी इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा किशोर सागर तालाब की पाल पर कोटा के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं साथ अरावली बचाओं जन हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें यूनि कल्चर ट्रस्ट ऑफ इंडिया, वीमेन वेलफेयर आर्गेनाईजेशन ऑफ वर्ल्ड, राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाईड, अखिल भारतीय कौशिक गायत्री परिवार, सुभाष कला संगम, हम लोग, मानव कल्याण समिति राजस्थान कोटा, चम्बल संसद, ओन स्टेप नोबल फाउंडेशन, वरिष्ङ्ग जन कल्याण समिति, कर्मयोगी संसथान, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, कोटा डेवलपमेंट फोरम का योगदान रहा। संस्था अध्यक्ष डॉ.निधि प्रजापति ने बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला सनातन काल से देश की सभ्यता, संस्कृति, अस्मिता और पारिस्थितिक तंत्र का सूचक रही है। यदि अरावली न होती तो सम्पूर्ण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत रेगिस्तान होता और गंगा का मैदान न होता, क्योंकि यही पर्वतमाला रेगिस्तान के विस्तार को भारत में बढ़ने से रोकती है। यह 300 से अधिक जीव-जंतु और पक्षियों की प्रजाति का आश्रय स्थल और पशुपालकों के पशुओं के लिए चारागाह का साधन हैं। अरावली से बनास, साबरमती, लूणी जैसी नदियां निकलती है यदि अरावली का दोहन होता है तो पूरा पश्चिमी राजस्थान पानी के लिए तरस जाएगा। नीतू मेहता भटनागर ने बताया कि अरावली भारत के लिए जीवन रेखा की तरह है जिसने हजारों वर्षों से विदेशी आक्रांताओं से देश जो बचाया है। इस जन हस्ताक्षर अभियान के दौरान सुभाष कला संगम के द्वारा निदेशक हरीश महावर के नेतृत्व में चेतना शाक्यवाल, प्रभा चौहान, लीला पांचाल, प्रीति अग्रवाल और प्रदीप अग्रवाल ने अरावली पर्वतमाला के दोहन से होने वाले भौगौलिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों को नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रदर्शित किया गया। इस अवसर यज्ञदत्त हाड़ा, डॉ. सुधीर गुप्ता, गौरव भटनागर, हनी सक्सेना, राकेश पुरुस्वानी, अमित सूद सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सैकड़ों लोगों और बच्चों ने उत्साह और जोश से अपने हस्ताक्षर करके सर्वोच्चय न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज किया।

### स्वच्छता की दिलाई शपथ

# शहर से लेकर गांवों तक चला सफाई का महाअभियान

**बूंदी।** राज्य सरकार के 2 साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में रविवार को बूंदी में स्वच्छता और जन-जागरूकता की अलख जगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला परिषद और नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कुम्भा स्टेडियम और छतरपुरा रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में जिला स्तरीय श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 8 बजे शुरू हुए इस अभियान की अगुवाई नगर परिषद सभापति सरोज अठावाल और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा ने की। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने खुद हाथों में झाड़ू थामकर स्टेडियम और मंदिर परिसर से कचरा, प्लास्टिक और पानी की बोतलें हटाईं। सफाई के बाद सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। जिला परिषद एवं नगर परिषद की टीम और अधिकारियों ने सबसे पहले कुम्भा स्टेडियम में बिखरे कचरे और सिंगल यूज प्लास्टिक को साफ किया। इसके बाद टीम विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। यहां मंदिर परिसर के अंदर और बाहर सफाई की गई। मंदिर से निकलने वाले फूल-मालाओं और कचरे का मौके पर ही उचित निस्तारण किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन जिला परिषद डीपीसी निजामुद्दीन ने बताया कि शहर के साथ-साथ ठाामीण इलाकों में भी स्वच्छता की मुहिम चली। स्वच्छ भारत मिशन (ठाामीण) के तहत बेहतरीन बूंदी अभियान में हर घर और हर गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया। गंदे पानी के निस्तारण के लिए सोक पिट, लीच पिट और मैजिक पिट बनाने के कार्यों का शुभारंभ किया गया। सूखे और गीले कचरे के लिए नाडेप और वर्मी कंपोस्ट पिट का उद्घाटन किया गया। साथ ही लेगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) का निस्तारण कर गांवों को चकाचक किया गया। पंचायत समिति बूंदी के विकास अधिकारी मनोज जैन की अध्यक्षता में रामगंज बालाजी मंदिर परिसर में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम हुआ। यहां सरपंच रामलाल सैनी और ठााम विकास अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने ठाामीणों के साथ श्रमदान किया। इसी तरह तालेड़ा, के.पाटन, नैनवां और हिंडोली में भी स्मारकों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई की गई । कार्यक्रम में नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश अठावाल, मन की बात जिला संयोजक भरत शर्मा, एईएन दिनेश मीणा, जिला परिषद के अतिरिक्त विकास अधिकारी राज्यपाल सिंह, एमआईएस शिवराज मीणा, मंदिर पुजारी उच्छब लाल शर्मा सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और आमजन मौजूद रहें।

## 184 चालान काट वसूला 99800 रूपए जुर्माना

**कोटा, ( निसं )।** समझाईश के लम्बे दौर के बाद सड़क किनारे अस्थाई अतिक्रमण करने वालों और गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम अब सख्त हो गया है। निगम ने शनिवार शाम शहर में विभिन्न स्थानों पर 184 चालान काटकर अतिक्रमियों और गंदगी फैलाने वालों से 99800 रूपए जुर्माना वसूल किया। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि शहर विभिन्न स्थानों पर मुख्य सड़कों पर अस्थायी अतिक्रमण हो रहे हैं। यह लोग व्यवसाय करने के साथ मुख्य सड़क पर गंदगी भी फैला देते हैं। इस कारण सफाई करने के बाद भी स्वच्छता नजर नहीं आती। इन लोगों की लम्बी अवधि से समझाईश की जा रही है परन्तु कई प्रयासों के बाद भी जब सुधार नहीं हुआ तो जुर्माने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को निगम के शौचालयों और मूत्रालयों के निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में अस्थाई अतिक्रमण दिखाई देने के बाद स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी और ऋचा गौतम को अपने-अपने क्षेत्रों इनके खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि दोनों के क्षेत्रों में कुल 184 लोगों के चालान काटकर 99800 रूपए जुर्माना वसूल किया गया। कार्यवाही होते देख कई अस्थाई अतिक्रमी भाग खड़े हुए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम नरेन्द्र लोढ़ा से बदलकर नया नाम नरेन्द्र कुमार लोढ़ा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता- नरेन्द्र कुमार लोढ़ा पुत्र देवीलाल लोढ़ा, 93 बल्लभबाड़ी नियर जैन मंदिर गुमानपुरा, कोटा

**आम सूचना**

**दिनांक 26.12.2025 का खण्डन**

एडवोकेट श्री हर्षित गौतम द्वारा राष्ट्रदूत समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना दिनांक 26.12.2025 की आम सूचना का खण्डन किया जाता है उन्होंने असंवैधानिक तरीके से फूल माली सैनी विकास समिति 4 विनोबाभावे नगर, कोटा के त्रिवार्षिक चुनाव के सम्बन्ध जारी की गई गलत सूचना जबकि फूल माली समाज द्वारा दिनांक 14.12.2025 की आम सभा में ही सर्वसम्मति से श्री विद्याशंकर गोस्वामी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिया था। श्री गोस्वामी को दिनांक 25.12.2025 को नामांकन कार्यवाही करके दिनांक 28.12.2025 को संवैधानिक तरीके से त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न करवाना था। दिनांक 25.12.2025 को नामांकन प्रक्रिया में नामांकन पत्रों की जाँच के पश्चात सही पाये गये आवेदन पत्रों की घोषणा कर सूची चस्पा करने के पश्चात समाज के कुछ सदस्यों व अवैध नामांकन प्रत्याक्षियों द्वारा आक्रोश व लड़ाई झगड़े करने पर आमादा हुए और उनके द्वारा असंवैधानिक तरीके से श्री हर्षित गौतम एडवोकेट को नया चुनाव अधिकारी बना दिया गया जिनके द्वारा तुरत-फुरत चुनाव असंवैधानिक तरीके से नियम विरुद्ध करवाकर निर्वाचित पदों की घोषणा कर दी गई जो गलत है। विद्याशंकर गोस्वामी, एडवोकेट
1477, सुभाष नगर-II,
अनंतपुरा, कोटा मो. 9829808398
En. No. R/597/1983

**कार्यालय (वि.) नगर निगम कोटा (राज0)**

क्रमांकः-ननिको /वि0/2025/179-186 दिनांक 25/12/2025

-: **ई-निविदा सूचना** :-

नगर निगम कोटा द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट http://kotamc.org.com, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
(कुल 2 कार्य अनुमानित राशि 98.16 लाख रूपये)
NIB : DLB2526A9539
UBN : DLB2526SLOB28455, DLB2526SLOB28456
राज.संवाद/सी/25/16803
अधिशाषी अभियंता (वि.)
नगर निगम कोटा

**कार्यालय नगर परिषद बारां**

क्रमांक : नपबा/तामीर शाखा/2025/9306 दिनांक : 31.12.2025

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज जैन पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार व श्रीमति प्रतिभा जैन पत्नी श्री नीरज जैन निवासी बारां द्वारा उपविभाजन चाहा गया है। जिसमें पट्टा संख्या 1826 दिनांक 29.07.2019 एकल भूखण्ड, खसरा संख्या 672/564 व 673/614, माप 1000 वर्गगज, योजना सिविल लाईन रोड़ राजस्व ग्राम नलका बारां का श्री नीरज जैन पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार व श्रीमति प्रतिभा जैन पत्नी श्री नीरज जैन के नाम जारी किया गया था। तत्पश्चात उक्त एकल भूखण्ड माप 1000 वर्गगज में से भूखण्ड संख्या ए माप 5500 वर्गफीट व भूखण्ड संख्या बी माप 2750 वर्गफीट स्वयं के ही नाम उपविभाजन चाहा गया है। जिसमें भूखण्ड संख्या ए माप 5500 वर्गफीट व भूखण्ड संख्या बी माप 2750 वर्गफीट का विभाजन श्री नीरज जैन पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार व श्रीमति प्रतिभा जैन पत्नी श्री नीरज जैन के नाम किया जाना है। आवेदकों ने इसी आधार पर उक्त मापो पर स्वयं के नाम उपविभाजन चाहा है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्तर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करे। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1721 **विज्ञप्ति** दिनांक : 16.12.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रायपुरा योजना "रॉयल पार्क" खसरा नं. 66 में स्थित भूखण्ड संख्या 51 के ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्रीमती आकांक्षा तिवारी पत्नि श्री नीरज तिवारी निवासी-69 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा राज. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या 51 का पट्टा क्रमांक 211 दिनांक 23.07.2014 को श्री मोहसिन हुसैन पुत्र श्री अब्दुल हुसैन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का उपहार पत्र दिनांक 03.01.2017 को श्रीमती अल्फिया जीरापुरी पत्नि श्री अली असगर जीरापुरी के नाम निष्पादित किया गया था। जिसका नाम हस्तान्तरण न्यास कार्यालय द्वारा क्रमांक UIT-KOTA/FY21-22/MUT/1728 दिनांक 22.12.2021 को जारी किया गया। श्रीमती अल्फिया जीरापुरी द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जर्ये पंजीकृत मुख्तारआम होजेफा कत्थावाला पुत्र श्री मोहसिन हुसैन रजि. विक्रय पत्र दिनांक 01.02.2022 से आवेदक को कर दिया गया है।
अतः श्रीमती आकांक्षा तिवारी पत्नि श्री नीरज तिवारी के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1648 **विज्ञप्ति** दिनांक : 9.12.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम मानपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना शगुन प्राईम खसरा नं. 19 पार्ट में स्थित भूखण्ड संख्या 70 आवेदक/आवेदिका श्रीमती श्वेता सिंह पत्नि श्री निगम कुमार सिंह निवासी प्लाट संख्या 552 गणेश नगर रावतभाटा चित्तौडगढ राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 3207 दिनांक 14.09.2022 को श्री महरूदिन पुत्र श्री मोहम्मद आमीन एवं श्रीमती शहनाज पत्नि श्री महरूदिन के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा जर्ये मुख्तारआम मैसर्स ओवेस कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड जर्ये निदेशक श्री मोहम्मद रियाज शेख पुत्र श्री मोहम्मद रमजान शेख द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान दिनांक 27.01.2025 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।
अतः श्रीमती श्वेता सिंह पत्नि श्री निगम कुमार सिंह के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**